संख्या-35/2026/1251/94-1-2026-312(48)/2025

प्रेषक,

अमित गुप्ता,
प्रमुख सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक निबंधन,
उ0प्र0 लखनऊ।

स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन अनुभाग-1 **लखनऊ, दिनांक : 05 जून, 2026**

विषय: कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं उप निबन्धक कार्यालय सदर, जनपद-शामली एवं उप निबन्धक कार्यालय भोगनीपुर, जनपद-कानपुर देहात के निर्माण हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर द्वितीय किश्त की धनराशि की वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-2403/भवन-2/शि०का०लख०/2026 दिनांक 22.05.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यदायी संस्था एवं सम्बन्धित जनपद के सहायक महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा निर्माण कार्य के सम्बन्ध में उपलब्ध करायी गयी गुणवत्ता आख्या के आधार पर कार्यालय सहायक महानिरीक्षक निबन्धन एवं उप निबन्धक कार्यालय सदर, जनपद- शामली के निर्माण हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर द्वितीय किश्त की धनराशि रु० 162.291 लाख एवं उप निबन्धक कार्यालय भोगनीपुर, जनपद-कानपुर देहात के निर्माण हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर द्वितीय किश्त की धनराशि रु० 114.225 लाख अर्थात कुल धनराशि रु० 276.516 लाख की प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नांकित जनपदों के कार्यालय भवनों के निर्माण हेतु आगणित कुल लागत के सापेक्ष द्वितीय किश्त के रूप में कुल धनराशि रु० 276.516 लाख अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल एतद्द्वारा निम्नलिखित शर्तो के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

सारणी

(धनराशि लाख रु० में)

क्र० सं०	कार्यदायी संस्था का नाम	जनपद का नाम	कार्यालय का नाम	मानकीकृत लागत के आधार पर जनपदों को आवंटित धनराशि	कॉलम सं० 5 में अंकित धनराशि का प्रथम किश्त	प्रथम किश्त की धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार व्यय	तकनीकी स्वीकृति की कुल धनराशि	निविदा दर के अनुसार पुनरीक्षित लागत (समस्त शुल्क सहित) धनराशि	द्वितीय किश्त की धनराशि
1	**2**	**3**	**4**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9**	**10**
1	यू०पी० सिडको	शामली	स०म०नि० व उ०नि० कार्यालय सदर	355.76	177.88	133.41	355.59	340.171	162.291
2	यू०पी०आर०एन०एस०एस०	कानुपर देहात	उ०नि० कार्यालय भोगनीपुर	228.95	114.475	92.02	228.92	228.70	114.225
			कुल योग	**584.71**	**292.355**	**225.43**	**584.51**	**568.871**	**276.516**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

<u>नियम व शर्ते / प्रतिबन्ध</u>

1. महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा उक्त के सम्बन्ध में वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनाँक 28 मार्च, 2026, संख्या-5/2024/बी-1-642/दस-2024- 231/2024, दिनांक 16.07.2024 व समय-समय पर निर्गत अन्य शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

2. निर्माण हेतु नामित कार्यदायी संस्था द्वारा समस्त प्रक्रिया एवं सुसंगत शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. कार्यालय भवनों का निर्माण व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित मानकीकरण के अनुसार किया जायेगा। इसको सुनिश्चित करने का उत्तरदायित्व सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं का होगा।

4. यह सुनिश्चित किया जायेगा कि वित्तीय स्वीकृति जिस कार्य / मद हेतु दी जा रही है उसका उपयोग नियमानुसार उसी कार्य / मद में किया जायेगा।

5. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिकाओं के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जाएगा।

6. निर्माण कार्य की गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने हेतु महानिरीक्षक निबंधन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

7. कार्यों की द्विरावृत्ति/पुनरावृत्ति न हो इसे महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा अपने स्तर से सुनिश्चित कर लेंगे।

8. धनराशि का आहरण राजकोष से तात्कालिक आवश्यकता होने पर ही किया जाएगा और धनराशि आहरित करके अनावश्यक रूप से धनराशि बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी।

9. कार्यदायी संस्था द्वारा सेंटेज चार्जेज (प्रतिशत प्रभार), निर्माण लागत तथा वित्तीय स्वीकृति से सम्बन्धित वित्तीय प्रबंधन के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या-01/2023/ए-2-60/दस- 2023-17(4)/75 दिनांक 17-05-2023 तथा शासनादेश संख्या-02/2023/ए-2-66/दस-2023- 17(4)/75 दिनांक 19-05-2023 में निहित दिशा निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

10. कार्य की विशिष्टियाँ, मानक व गुणवक्ता की जिम्मेदारी कार्यदायी संस्था की होगी तथा कार्यदायी संस्था यह सुनिश्चित करेगी कि कार्य निर्धारित समय-सीमा अवधि में गुणवक्तापूर्वक पूर्ण हो जाये।

11. निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर उसका कब्जा विभाग को उपलब्ध करा दिया जायेगा। परियोजना के क्रियान्वयन में टाईम ओवर रन, कॉस्ट ओवर रन को नियंत्रित करने हेतु वित्त (आय- व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश दिनांक 21-06-2017 का अनुपालन सुनिश्चत किया जायेगा।

12. महानिरीक्षक निबन्धन द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि यदि थर्ड पार्टी जाँच में कमियाँ/सुझाव इंगित किये गये हैं उस सम्बन्ध में सुधारात्मक कार्यवाही एक माह में पूर्ण कर ली जाये।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- इस संबंध में होने वाला व्यय कुल धनराशि रु० 276.516 लाख को चालू वित्तीय वर्ष 2026-2027 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 091 लेखा शीर्षक 4059 लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय, 01-कार्यालय भवन, 800-अन्य व्यय, 03 स्टाम्प एवं पंजीकरण विभाग के कार्यालय भवनों के निर्माण, 24 वृहद् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-4/2026/बी-1-812/दस-2026-231/2026, दिनाँक 28 मार्च, 2026 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत् प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

अमित गुप्ता
प्रमुख सचिव।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ०प्र० प्रयागराज।
3. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ०प्र० शासन।
4. अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव, सहकारिता, उ०प्र० शासन।
5. आयुक्त, समाज कल्याण विभाग उ०प्र०।
6. प्रबंध निदेशक, उ०प्र० समाज कल्याण निर्माण नि०लि० (यू0पी0 सिडको)।
7. प्रबंध निदेशक, यू0पी0 आर0एन0एस0एस0।
8. सम्बन्धित मंडलायुक्त।
9. सम्बन्धित जिलाधिकारी।
10. वरिष्ठ कोषाधिकारी, उ०प्र० प्रयागराज।
11. निदेशक, वित्त सांख्यिकीय निदेशालय, जवाहर भवन लखनऊ।
12. सम्बन्धित उप महानिरीक्षक निबंधन/ सहायक महानिरीक्षक निबंधन।
13. वित्त एवं लेखाधिकारी, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उ०प्र० लखनऊ।
14. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1, उ०प्र० शासन।
15. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, उ०प्र० शासन।
16. गार्डफाइल।

आज्ञा से,

शिव कुमार
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।